रिवीजन टेस्ट पेपर 2020–21
कक्षा – 12 वीं
विषय – इतिहास

पूर्णांक – 80 अंक

निर्देशः–

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्रमांक 01 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 05 से 21 तक में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं।
4. प्रश्न क्रमांक 05 से 08 तक के प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक हैं एवं प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखना है।
5. प्रश्न क्रमांक 09 से 12 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक है, एवं प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखना है।
6. प्रश्न क्रमांक 13 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक हैं एवं प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखना है। प्रश्न 17 को छोड़कर। (प्रश्न 17 मानचित्र)
7. प्रश्न क्रमांक 18 से 21 तक के प्रत्येक प्रश्न के लिए 05 अंक है एवं प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखना है।

प्र01 सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1x5=5

1. मिट्टी से बने हल के प्रति रूप मिले है–
   (अ) बनावली (ब) लोथल (स) कालीवंगा (द) मोहन जोदड़ो
2. भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा जाता है?
   (अ) दया राम साहनी (ब) ररवालदास बनर्जी (स) अलेक्जेण्डर कनिंघम (द) इनमें से कोई नही
3. प्रयाग प्रशस्ति की रचना की थी –
   (अ) विष्णु गुप्त (ब) मैगस्थनीज (स) हरिषेण (द) समुद्रगुप्त
4. रेशम के बुनकरों की एक श्रेणी का वर्णन मिलता है –
   (अ) मंदसौर (म.प्र.) (ब) कानपुर (उ.प्र.) (स) दोनों से (द) इनमें से कोई नही
5. बुद्ध के बचपन का नाम था –
   (अ) सिद्धार्थ (ब) पियदस्सी (स) महावीर (द) इनमें से कोई नही

प्र02 रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए – 1x5=5

1. बाट सामान्यतः .... नामक पत्थर से बनाये जाते थे।
2. अभिलेखों के अध्ययन को .... कहते है।
3. देवानांपिय एवं पियदस्सी नामक उपाधि .... द्वारा अपनायी गयी थी।
4. कैलाश नाथ मंदिर .... में है।
5. शेख मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह .... में है।

प्र03 सही जोडियॉ बनाइये – 1x5=5

	"अ"	"ब"
1.	विजय नगर साम्राज्य की स्थापना	(अ) बाण भट्ट
2.	हर्ष चरित	(ब) 1336
3.	बंगाल एशियाटिक सोसायटी का गठन	(स) 1784
4.	चन्द्रगुप्त मौर्य का राज्यारोहण	(द) 321 ई. पू.
5.	मृच्छकटि्कम	(इ) शूद्रक

प्र04 एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए – 1x5=5

1. मॅूहरों के साक्ष्य कहॉं से प्राप्त हुए है।
2. अग्रहार किस प्रकार का भू–भाग था?

3. महाभारत का युद्ध किसके मध्य हुआ था?

4. अलवार कौन थे?

5. हम्पी नगर किस नदी के किनारे बसा हुआ है?

प्र05 मोहन जोदड़ो की विशेषता बताइये। 2

अथवा

हड़प्पा सभ्यता में प्राप्त शिल्प उत्पादन के लिए कच्चे माल की सूची बनाइये।

प्र06 महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण का वर्णन करें। 2

अथवा

एक गतिशिल ग्रन्थ के रूप में महाभारत का वर्णन करें।

प्र07 भक्ति आंदोलन का क्या अर्थ है? 2

अथवा

सूफी मत के मुख्य सिद्धांत क्या थे?

प्र08 विजय नगर की जल आवश्यकताओं को किस प्रकार पूरा किया जाता था। 2

अथवा

श्रेणीं किसे कहते है?

प्र09 पुरातत्वविद् किस प्रकार अतीत का पुनर्निर्माण करते है, वर्णन करें। 3

अथवा

विवाह के प्रकारों का वर्णन कीजिए?

प्र010 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के कारणों का वर्णन करें। 3

अथवा

1857 के स्वतंत्रता संग्राम के असफलता के कारण क्या थे? वर्णन करे।

प्र011 जैन धर्म की महत्वपूर्ण शिक्षाओं पर प्रकाश डालिए। 3

अथवा

महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं का उल्लेख कीजिए।

प्र012 महाजनपदो की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 3

अथवा

मगध के एक शक्तिशाली राज्य के रूप में उदय के कारणों का वर्णन करें।

प्र013 मौर्य प्रशासन के प्रमुख अभिलक्षणों की चर्चा कीजिए। 4

अथवा

उत्तर मौर्य काल में विकसित राजत्व के विचारों की चर्चा कीजिए।

प्र014 स्पष्ट कीजिए कि विशिष्ट परिवारों में पितृवंशिकता क्यों महत्वपूर्ण रही होगी? 4

अथवा

द्रोंण हिडिम्बा और मातंग की कथाओं में धर्म के मानदण्डों की तुलना कीजिए, व उनके अन्तर को भी स्पष्ट कीजिए।

प्र015 सॉची के स्तूप के संरक्षण में भोपाल की बेगमों की भूमिका की चर्चा कीजिए। 4

अथवा

उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए कि संप्रदाय के समन्वय से इतिहासकार क्या अर्थ निकालते है?

प्र016 आपके विचार में महानवमी डिब्बा से संबद्ध अनुष्ठानों का क्या महत्व था? 4

अथवा

मुगल दरवार में पाण्डुलिपि तैयार करने की प्रक्रिया का वर्णन करे।

प्र017 दिये गये भारतीय मानचित्र में निम्न स्थानों को दर्शाइये– 4

अवन्ति, मगध, मथुरा, काशी

अथवा

दिये गये भारतीय मानचित्र में निम्न स्थानों को दर्शाइये –

सांची, भरहुत, अजंता, लुंबनी

प्र018 उदाहरण सहित मुगल इतिहासों के विशिष्ट अभिलक्षणों की चर्चा करें। 5

अथवा

राजत्व के मुगल आदर्श का निर्माण करने वाले तत्वों की पहचान कीजिए।

प्र019 क्यों और किस तरह शासकों ने नयनार और सूफी सतों से अपने संबंध बनाने का प्रयास किया? 5

अथवा

उहारण सहित विश्लेषण कीजिए कि क्यों भक्ति और सूफी चिंतकों ने अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए विभिन्न भाषाओं का प्रयोग किया?

प्र020 ''शाही केन्द्र'' शब्द शहर के जिस भाग के लिए प्रयोग किए गये है, क्या वे उस भाग का सही वर्णन करते है। 5

अथवा

कमल महल और हाथियों के अस्तबल जैसे भवनों का स्थापत्य हमें उनके बनबाने वाले शासकों के विषय में क्या बताता है।

प्र021 वैष्णव और शैववाद के उदय से जुड़ी वास्तुकला और मूर्तिकला के विकास का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

वर्णित काल में कृषि के तौर–तरीकों में किस हद तक परिवर्तन हुए? वर्णन करे।

––––XXXX––––